समाचार

स्वच्छता दीदियों को कलेक्टर ने प्रदान किया सुरक्षा उपकरण किट

(शहर की स्वच्छता एवं साफ–सफाई कार्यों में स्वच्छता दीदियों की भूमिका को बताया अत्यंत महत्वपूर्ण)

कोरबा 11 जनवरी 2025 – कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री अजीत वसंत ने नगर पालिक निगम क ोरबा की स्वच्छता दीदियों, सफाईमित्रों को सुरक्षा उपकरण किट (पी.पी.ई.किट) प्रदान किया, उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी तथा शहर की स्वच्छता में स्वच्छता दीदियों, सफाई मित्रों की अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका को रेखांकित करते हुए उनके कार्यो की सराहना की। इस मौके पर निगम आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय भी उपस्थित थे।

स्वच्छ भारत मिशन–मिशन क्लीन सिटी अंतर्गत नगर पालिक निगम कोरबा में 618 स्वच्छता दीदियॉ शहर के साफ–सफाई कार्यो में अपनी सेवाएं दे रही हैं। इसी प्रकार निगम के सफाई कार्यो में 492 प्लेसमेंट के सफाई कर्मचारी व 104 निगम के स्वयं के सफाई कर्मचारी संलग्न हैं। इन स्वच्छता दीदियों एवं सफाई मित्रों, कर्मचारियों को निगम द्वारा समय–समय पर नियमित रूप से पी. पी.ई.किट उपलब्ध कराए जाते हैं ताकि स्वच्छता कार्यो के दौरान उन्हें किसी भी प्रकार के संक्रमण

आदि से सुरक्षा प्राप्त होती रहे। इसी कड़ी में कलेक्टर एवं निगम प्रशासक श्री अजीत वसंत ने निगम कार्यालय में 06 स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों को पी.पी.ई.किट प्रदान किया, उन्होने स्वच्छता दीदी उर्मिला भास्कर, रोशन बेक, पुष्पा वर्मा, लक्ष्मीन बरेठ, सफाई मित्र मुन्ना प्रसाद पटेल व कुन्नूलाल को पी.पी.ई.किट प्रदान करते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी, उनके द्वारा किए जा रहे शहर की स्वच्छता व साफ–सफाई कार्यो की प्रशंसा की। कलेक्टर श्री वसंत ने सभी स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों को अनिवार्य रूप से पी.पी.ई.किट की सतत उपलब्धता सुनिश्चित करने एवं कार्य के दौरान अनिवार्य रूप से पी.पी.ई.किट धारण कराने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

आयुक्त ने किया एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने निगम के वार्ड क्र. 33 रामपुर स्थित एस.एल.आर.एम.सेंटर का निरीक्षण किया। उन्होने सेंटर की व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए सूखे एवं गीले कचरे का नियमित रूप से पृथकीकरण करने, सूखे व पुनः उपयोग लायक अपशिष्ट का विक्रय करने तथा गीले कचरे से कम्पोस्ट बनाने की सतत कार्यवाही किए जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। आयुक्त श्री पाण्डेय ने स्वच्छता दीदियों व सफाई मित्रों से कहा कि वे अपने कार्य के दौरान पी.पी.ई.किट अनिवार्य रूप से पहने।

होम कम्पोस्टिंग के लिए प्रेरित करें – आयुक्त श्री आशुतोष पाण्डेय ने स्वच्छता दीदियों से कहा कि वे डोर–टू–डोर अपशिष्ट के संग्रहण हेतु जब वार्डो में जाएं तो वहॉ के रहवासियों को होम कम्पोस्टिंग के लिए प्रेरित व प्रोत्साहित करें तथा होम कम्पोस्टिंग के माध्यम से तैयार खाद एवं उसकी उपयोगिता के बारे में उन्हें बताएं ताकि होम कम्पोस्टिंग में लोगों की रूचि बढ़े तथा वे घर से निकले हुए गीले कचरे से स्वयं खाद तैयार कर उसका उपयोग अपने घर के गमलों, पेड़–पौधों व किचन गार्डन में कर सकें।